याद तेरी आवे रे सांवरिया

नैनन को नाए कसूर याद तेरी आवे रे सांवरिया,
मेरे दिल को नाए कसूर याद तेरी आवे रे सांवरिया....

मथुरा में तन्ने जन्म लियो सांवरिया,
गोकुल में बाजे बधाई याद तेरी आवे रे सांवरिया,
मेरे दिल को ना है कसूर.....

मेरी रो रो अखियां लाल हुई सांवरिया,
चेहरे का उड़ गया नूर याद तेरी आवे रे सांवरिया,
मेरे दिल को ना है कसूर.....

मेरे पैरों में छाले पड़ गए सांवरिया,
हुई चलने से मजबूर याद तेरी आवे रे सांवरिया,
नैनन को नाए कसूर.....

ग्वाल वाल सब रोए रहे सांवरिया,
राधा का हुआ बेहाल याद तेरी आवे रे सांवरिया,
नैनन को नाए कसूर.....

चिठ्ठियां हो या हे बजती सांवरिया,
मोपे कर्म ना वाचो जाए याद तेरी आवे रे सांवरिया,
नैनन को नहीं कसूर....

कुआं होए या है पाटती सांवरिया,
मोपे समुंदर ना पाटो जाए याद तेरी आवे रे सांवरिया,
नैनन को नाए कसूर याद तेरी आवे रे सांवरिया.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25841/title/yaad-teri-aave-re-sanwariya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |